# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
## TERM-II EXAMINATION (2019-20)
## CLASS-IV
## SUBJECT - HINDI

TIME-2 HOURS

MAXIMUM MARKS -50

**सामान्य निर्देश :**

- इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं।
- खंड-क 5 अंक का ,खंड-ख 10 अंक का,,खंड-ग 15 अंक का तथा खंड-घ 20 अंक का है।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर साफ़ और सुंदर अक्षरों में लिखिए।
- इस प्रश्न पत्र में दिए गए पाँचों प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।
- उत्तर लिखने से पहले सभी प्रश्नों को ध्यान से पढ़िए।

**खंड क (पठन – 5 अंक)**

**1. निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (1×5=5)

किसी नगर में एक तोते वाला तोते बेच रहा था। उसके पास दो तोते थे। अचानक राजा की सवारी उस रास्ते से हो कर निकली। राजा ने मंत्री से कहा कि वे दोनों तोते खरीदेंगे। दाम पूछने पर तोते वाले ने बताया - महाराज पहला तोता सौ रूपए और दूसरा तोता केवल दस रूपए का है। राजा चकित होकर बोले - दोनों देखने में एक जैसे हैं लेकिन दाम में अंतर क्यों ? तोते वाले ने हँस कर कहा - इसका उत्तर आपको राजमहल में पहुँचने के बाद ही पता चल जाएगा। राजा ने दोनों तोते खरीद लिए। राजमहल में पहुँचते ही तुरंत पता चला कि उन तोतों में से एक पालतू है और दूसरा जंगली। क्योंकि जंगली तोता सिर्फ़ टें-टें आवाज़ करता है। तीसरे दिन राजा ने देखा दस रूपए वाला तोता गायब है। राजा ने ख़बर ली। पता चला वह पालतू तोता अपने मालिक तोते वाले के पास लौट गया है। राजा को यह उत्तर मिल चुका था कि तोतों के दाम में अंतर क्यों था।

(क) नगर में किसकी सवारी निकली ?

(ख) तोतेवाले ने दोनों तोते की क्या कीमत रखी थी ?

(ग) जंगली तोता क्या करता है ?

(घ) कौन से दिन तोता गायब मिला ?

(ङ) राजा जहाँ रहते हैं उसे क्या कहते हैं ?



Scanned by CamScanner

## खंड ख (लेखन – 10 अंक)

2. (क) मुहल्ले की सफ़ाई के संबंध में स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। (5)

(अथवा)

होली के त्योहार पर मित्र को होली खेलने के लिए निमंत्रण पत्र लिखिए।

(ख) किसी कंपनी द्वारा उत्पादित 'तेल' या 'पैंसिल' का विज्ञापन 20 से 25 शब्दों में लिखिए। (5)

## खंड ग (व्याकरण – 15 अंक)

**3. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलिए।** (1×2=2)

(क) हाथियों ने (ख) तैयारी

**4. दिए गए शब्दों के विलोम विकल्पों में से चुन कर लिखिए।** (1×2=2)

(क) हानि– अहानि,लाभ, बेहानि, अनहोनी

(ख) स्वदेश– देश, विदेश,निर्देश, प्रकाश

**5. दिए गए वाक्य किस काल में है लिखिए।** (1×3=3)

(वर्तमान काल ,भूत काल या भविष्यत् काल)

(क) वर्षा धरती की प्यास बुझाती।

(ख) उसकी पढ़ाई में बहुत रुचि थी।

(ग) क्या तुम स्कूल जाओगे ?

**6. दिए गए शब्दों के समान अर्थ विकल्पों में से चुन कर लिखिए।** (1×2=2)

(क) स्वयं – कभी-कभी, अपने आप , विशेष दिन, विस्मय

(ख) कायर – पत्थर ,वीर,डरपोक,पर्वत

Scanned by CamScanner

**7. दिए गए मुहावरों का उचित अर्थ ढूँढकर लिखिए ।** (1×2=2)

(क) होश उड़ना –

(दर्द सहना ,घबरा जाना ,बीमार पड़ना ,आलसी होना )

(ख) खटिया पकड़ना –

(घबरा जाना ,परेशान होना , बहुत बीमार होना ,भाग जाना )

**8. दिए गए शब्दों में प्रत्यय जोड़कर नया शब्द बनाइए ।** (1×2=2)

(क) अंक + __________ = __________ ।

(ख) दुकान + __________ = __________ ।

**9. दिए गए शब्दों में विशेषण जोड़िए ।** (1×2=2)

(क)__________ चिड़िया

(ख)__________ बादल

**<u>खंड घ ( पाठ्यपुस्तक -20 अंक )</u>**

**10. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** (2×5=10)

(क) लकड़हारे ने बौने को आलू को फूँकने का क्या कारण बताया?

(ख) स्वाति को पुरस्कार क्यों दिया गया ?

(ग) होलिका को क्या वरदान मिला था ?

(घ) पन्ना को कौन सी चिंता सता रही थी ?

(ङ) कोयल देखने में कैसी है और उसकी बोली कैसी होती है ?

(च) आपको कौन सा मौसम सबसे अच्छा लगता है और क्यों ?



Scanned by CamScanner

11. **किसी एक मूल्यपरक प्रश्न का उत्तर 20 से 30 शब्दों में लिखिए।** (3)

(क) कूड़े बीनते बच्चे या अपने लिए खाना न जुटा पाते बच्चों की मदद हम किस प्रकार कर सकते हैं ?

(ख ) होली के मौके पर ऐसा क्या करें जिससे सबको खुशी मिले ?

12. **पाठ के आधार पर सही विकल्पों को चुनकर वाक्यों को पूरा कीजिए।** (0.5×4=2)

(क) लकड़हरे ने कितने पत्थर उठाकर चूल्हे बनाए ?

(दो, तीन , चार, पाँच )

(ख) बात तो ठीक है पर __________ देखना बुरी बात नहीं है।

(नज़ारा , शहर , सपना ,तस्वीर )

(ग) होली मुख्य रूप से __________ भारत का पर्व है।

(पूर्व,पश्चिम ,उत्तर ,दक्षिण )

(घ) __________ में चोरों की गतिविधियां बढ़ने लगी।

(घर, आँगन , छत , कमरे)

13. **दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए।** (1×2=2)

(क) परछाई (ख) दुर्घटना

14. **दिए गए पद्यांश को पढ़ कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** (1×3=3)

बैठ गया वह पीठ फिराकर , चित्रकार की ओर

चित्रकार चुपके से खिसका , जैसे कोई चोर

(क) इस पद्यांश में 'वह' कौन है ?

(ख) चित्रकार किसकी तरह खिसक गया।

(ग) कविता के कवि का नाम लिखिए।

----------------X--------------



Scanned by CamScanner